मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
■ वर्ष : 44 ■ अंक : 97 ■ शुक्रवार, 27 जून 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.
Mobile.:- 9822045566
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
epaper.ulhasvikas.com



हार्दिक संग रिश्ते पर ईशा गुप्ता ने तोड़ी चुप्पी

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

# मनपा चुनाव अलग लड़ सकती है महायुति

- तीनों दलों के नेताओं के बीच बैठकों का दौर
- मुंबई में एकत्रित लड़ने पर विचार जारी
- उल्हासनगर मनपा चुनाव पर भी पड़ेगा असर







**मुंबई.** सत्तारूढ़ गठबंधन के तीन प्रमुख दलों भाजपा, शिवसेना और राकांपा ने मंगलवार रात को राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ या अलग-अलग लड़ने के बारे में चर्चा की। समझा जाता है कि स्थानीय स्थिति के आधार पर गठबंधन पर निर्णय पर चर्चा की गई। इस बीच, गठबंधन दलों के मुंबई में एक साथ, कई अन्य महानगर पालिकाओं में अलग-अलग और कई जिला परिषदों में एक साथ चुनाव लड़ने की संभावना है। इस बीच, इस बैठक में निगमों और समितियों के वितरण पर भी चर्चा हुई।

मंत्री शंभुराज देसाई के मंत्रालय के पास पवनगढ़ निवास पर आयोजित बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण, शिवसेना मंत्री शंभुराज देसाई, मंत्री उदय सामंत, राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद सुनील तटकरे और मंत्री हसन मुश्रीफ शामिल हुए। समन्वय समिति की बैठक मुंबई महानगरपालिका चुनाव पर केंद्रित रही।

बताया जाता है कि इस बात पर चर्चा हुई कि शिवसेना (उबाठा) की सांगठनिक ताकत और मिले-जुले मतदाताओं को देखते हुए एक साथ मिलकर महागठबंधन के रूप में चुनाव लड़ना उनके हित में है। कई जिला परिषदों में कांग्रेस के पास निर्णायक शक्ति है। इस बात पर भी चर्चा हुई कि उन्हें एक साथ मिलकर महागठबंधन के रूप में चुनाव लड़ना चाहिए।

राज ठाकरे ने पहली कक्षा से हिंदी पढ़ाने को लेकर आक्रामक रुख अपनाया है। संभावना है कि मराठी लोग इसका जवाब देंगे। साथ ही, चूंकि इस बात की आशंका है कि विभिन्न संगठन इसमें शामिल होंगे, इसलिए यह फैसला विपक्ष पर आ सकता है, और यह तर्क दिया गया कि इस संबंध में एक सामूहिक महागठबंधन के रूप में रुख अपनाना आवश्यक है।

पिछले कुछ चुनावों में हुए मतदान की वार्डवार और प्रभाग वार जानकारी स्थानीय स्तर पर प्राप्त की जानी चाहिए। यह भी कहा गया कि इस बात पर भी चर्चा हुई कि ऐसा ढांचा तैयार करने पर जोर दिया जाना चाहिए जो महागठबंधन के लिए सुविधाजनक हो। इस बीच, मंत्री शंभुराज देसाई ने बताया कि महागठबंधन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को विभिन्न निगमों के आवंटन और उन्हें राज्य स्तरीय समितियों में सदस्यता देने के संबंध में भी चर्चा हुई।

# अंबरनाथ चिंचपाड़ा खदान में डूबने से मौत

## एक सप्ताह में ही खदान में 2 डूबे

▸▸ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के चिंचपाड़ा खदान में फिर एक व्यक्ति की डूबकर मौत हुई है. इस हफ्ते इस खदान में डूबकर मरने वाला ये दूसरा व्यक्ति है. अंबरनाथ अग्निशमन दल ने गुरुवार सुबह में शव को बाहर निकाला. मृतक का नाम अशोक प्रवीण जाधव (40) है, जो कि रिक्शा चालक है और नवरे पार्क निवासी है. ऐसी जानकारी फायर आफिसर भागवत सोनोने ने दी है.

प्रवीण ने बुधवार रात में आत्महत्या की है, ऐसा प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है. इससे पूर्व मोहम्मद शेख (27) ने इसी खदान में 22 जून को आत्महत्या की थी. जाधव के डूबने की खबर समाजसेवक शहाबुद्दीन शेख ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी. पूर्व नगरसेवक उमेश पाटिल भी घटना स्थल पर पहुंच गए थे. इस खदान के आसपास सुरक्षा दीवार बनाए जाने की मांग जोर पकड़ रही है. अंबरनाथ पुलिस दुर्घटना स्थल पर पहुंच गई थी. आगे की जांच पुलिस कर रही है. शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया है.

# अंबरनाथ नपा स्कूल में चोरी

- 30 कुर्सियां, चटाइयां, बाथरूम के दरवाजे तक चोरी कर लिए

▸▸ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा संचालित स्कूल क्र. 9, शिवमंदिर, बारकू पाडा में अज्ञात चोर ने स्कूल की कुर्सियां, विद्यार्थियों को शिक्षण देने के लिए बिछाई जाने वाली चटाइयां, प्रयोगशाला की सामग्री आदि को चोरी कर लिया है. स्कूल के शिक्षक मंगेश जानकीराम काले ने शिवाजी नगर पुलिस में शिकायत लिखाई है कि 1.5.25 से 3.5.25 के दरम्यान ये चोरी की घटना हुई है. स्कूल के प्रयोगशाला, आंगनवाड़ी वर्ग के दरवाजे का ताला तोड़कर स्कूल के साहित्य अज्ञात चोर ने चोरी कर लिए हैं. जिसमें 30 फोल्डिंग लोहे की कुर्सियां, सीसीटीवी कैमरा, कलर बाक्स, 18 चटाइयां, स्टेशनरी, शौचालय के प्लास्टिक के दरवाजे इस प्रकार कुल 28 हजार 750 रुपयों के सामान की चोरी की गई है. शिवमंदिर परिसर से इस नपा संचालित स्कूल में पहले भी चोरी हुई है. पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है. मामले की जांच पुलिस हेड कांस्टेबल वलवी कर रहे हैं.

मनपा का महत्वाकांक्षी अभियान | आधुनिक केंद्र और निजी संस्था की नियुक्ति

# उल्हासनगर में सुरक्षा के लिए कुत्तों की नसबंदी



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर की सड़कों पर घूमने वाले आवारा कुत्तों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा है। खासकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और साइकिल/बाइक चलाने वालों में डर का माहौल बन गया है। इसे गंभीरता से लेते हुए उल्हासनगर महानगरपालिका ने आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए योजनाबद्ध सर्जरी और टीकाकरण अभियान चलाने का फैसला किया है और यह अभियान शहर के लिए महत्वपूर्ण होगा। उल्हासनगर महानगरपालिका के चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, चूंकि वर्तमान में मनपा के पास आवारा कुत्तों को पकड़ने वाली अपनी टीम या पशु चिकित्सा अधिकारी नहीं है. इसलिए हैदराबाद की 'वेट्स सोसाइटी फॉर एनिमल वेलफेयर एंड रूरल डेवलपमेंट' नामक एक अनुभवी संस्था को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ई-टेंडर प्रक्रिया के जरिए चुना गया है। यह संस्था शहर में घूमने वाले आवारा कुत्तों को अपने वाहन से पकड़ती है और उन्हें उल्हासनगर महानगरपालिका के आधुनिक नसबंदी केंद्र तक पहुंचाती है। सर्जरी और टीकाकरण के बाद उन्हें वापस उनके मूल स्थान पर छोड़ दिया जाता है।

**हेल्पलाइन नंबर 7021202451**

उल्हासनगर महानगरपालिका की चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके क्षेत्र में आवारा कुत्ते परेशानी का कारण बन रहे हैं या नसबंदी के योग्य हैं, तो वे हेल्पलाइन नंबर 7021202451 पर संपर्क करें।

### कुत्तों की अनियंत्रित वृद्धि रुकेगी

महानगरपालिका ने इस अभियान के लिए 180 कुत्तों की क्षमता वाला विशेष नसबंदी केंद्र बनाया है। यहां कुत्तों की सुरक्षित तरीके से नसबंदी की जाती है और फिर रेबीज निवारक टीका लगाया जाता है। सर्जरी करवाने वाले प्रत्येक कुत्ते के कान पर 'वी' आकार का पहचान चिह्न (ब्रूडिंग) बनाया जाता है, ताकि भविष्य में उन्हें आसानी से पहचाना जा सके। इसके बाद कुत्तों को 3 से 5 दिन तक आवश्यक भोजन और दवा दी जाती है। इस पहल से एक ओर जहां शहर में आवारा कुत्तों की अनियंत्रित वृद्धि रुकेगी, वहीं दूसरी ओर नागरिकों को रेबीज जैसी जानलेवा बीमारियों से भी बचाया जा सकेगा।



उल्हासनगर शहर की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य के लिए आवारा कुत्तों की नसबंदी बहुत जरूरी है। महानगरपालिका ने इस कार्य के लिए आधुनिक केंद्र स्थापित किया है और एक अनुभवी संस्था को भी नियुक्त किया है। यह पहल नागरिकों में सुरक्षा की भावना पैदा करेगी और उन्हें जानवरों के प्रति जिम्मेदार भूमिका निभाने का अवसर भी देगी। नागरिकों को हेल्पलाइन पर जानकारी देकर इस अभियान में सहयोग करना चाहिए और इसे मजबूत बनाना चाहिए। यह महज एक सर्जिकल अभियान नहीं है, बल्कि शहर के स्वास्थ्य की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

**- मनीषा अव्हाले**
(आयुक्त, उल्हासनगर महानगरपालिका)

# उल्हासनगर भाजपा में अंदरूनी असंतोष के चलते पार्टी में फूट

- विधायक आयलानी माफी मांगें : प्रदीप रामचंदानी

**उल्हासनगर.** 'मुझे परेशान किया जा रहा है, क्योंकि मैं भी सिंधी हूं,' ऐसा बयान विधायक कुमार आयलानी ने सोशल मीडिया पर दिया है. इस बयान से नाराज पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी ने सीधे तौर पर मांग की है कि विधायक आयलानी 'उल्हासनगर के सभी मतदाताओं से माफी मांगें या विधायक पद से इस्तीफा दें'। इसके चलते उल्हासनगर भाजपा में अंदरूनी असंतोष भड़क गया है और पार्टी में फूट खुलकर सामने आ गई है।

- सोशल मीडिया पर जताया असंतोष

आयलानी इन दिनों शहाड़ क्षेत्र में उल्हास नदी के किनारे घाट निर्माण को लेकर विवाद में फंसे हुए हैं। रीजेंसी अंटालिया कॉम्प्लेक्स के पास सरकारी फंड से घाट का निर्माण शुरू किया जा रहा है। इस कार्य को लेकर हीराली फाउंडेशन की अध्यक्ष सरिता खानचंदानी ने लघु सिंचाई विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। विभाग के निरीक्षण के बाद यह स्पष्ट हो गया कि नदी के तल में निर्माण चल रहा था और अधिकारियों ने निर्माण को ध्वस्त करने का नोटिस जारी कर दिया। नाराज आयलानी ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की।



- नाराजगी का राजनीति पर असर

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी ने उनके बयान का कड़ा विरोध किया. उन्होंने कहा, 'कुमार आयलानी को न केवल सिंधी मतदाताओं ने बल्कि सभी समुदायों के नागरिकों ने चुना है। इसलिए उन्हें इस तरह के विभाजनकारी बयानों से उल्हासनगर के समाज को बांटने की कोशिश करने के बजाय तुरंत लोगों से माफी मांगनी चाहिए। इन आरोप-प्रत्यारोपों के कारण फिलहाल उल्हासनगर का राजनीतिक माहौल काफी गर्म है और भाजपा में अंदरूनी मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। खासकर जब चुनाव से पहले ही पार्टी नेताओं में इस तरह की खुली नाराजगी देखने को मिल रही है, तो इसका असर आने वाले राजनीतिक समीकरणों पर पड़ने की उम्मीद है।

# केंकड़े पकड़ते समय युवक डूबा



**कल्याण.** केंकड़े पकड़ने गया 20 वर्षीय युवक खदान के पानी में डूब गया। ज्ञात हुआ है कि यह घटना डोंबिवली पूर्व के दावड़ी गांव के खदान क्षेत्र में हुई। यहां कुछ युवक मानसून के मौसम में केकड़े व चिंबोरी पकड़ने गए थे। उनके साथ 20 वर्षीय युवक किरण शिंदे भी था। केकड़े पकड़ते समय वह खदान के पानी में गिर गया। किरण शिंदे को तैरना नहीं आता था, इसलिए वह पानी में डूबने लगा। उसके भाई व दो अन्य दोस्तों ने भी उसे बचाने की अथक कोशिश की, लेकिन उसे बचा नहीं सके और वह पानी की धार में डूब गया।

वे किरण को बचाने के अपने प्रयास में असफल रहे। उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। उनकी आवाज सुनकर स्थानीय नागरिक क्षेत्र में एकत्रित हो गए। लेकिन जब डूबे हुए किरण का कहीं पता नहीं चला, तो आखिरकार किरण के भाई ने जाकर उसके परिजनों को मामले की जानकारी दी। फिर परिवार और उनके इलाके के कुछ लोगों ने स्थानीय मानपाड़ा पुलिस और डोंबिवली दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। मंगलवार रात करीब साढ़े 12 बजे ये लोग केकड़े पकड़ने गए थे। इसी बीच भोर में दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी गई। घटना की गंभीरता को समझते हुए डोंबिवली एमआईडीसी दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और खदान के पानी में डूबे किरण को खोजने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। करीब सात घंटे तक दमकल विभाग के कर्मचारी किरण की तलाश करते रहे। हालांकि उसका कोई सुराग नहीं मिला।



# आषाढी एकादशी पर ज्ञान दिंडी का आयोजन

**उल्हासनगर.** आषाढी एकादशी के अवसर पर कल्याण चैरिटी ट्रस्ट, सेंचुरी रेयान, बी.के. बिडला महाविद्यालय, बी.के. बिड़ला रात्रिकालीन महाविद्यालय, बी.के. बिड़ला पब्लिक स्कूल और सेंचुरी रेयान हाई स्कूल द्वारा ज्ञान दिंडी का भव्य आयोजन 06 जुलाई-रविवार को होने वाला है | प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता और श्री विठोवा – रुक्मिणी जी की भक्ति पर आधारित यह यात्रा बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण के प्रांगण से सुबह 8.30 बजे प्रारंभ होकर शहाड स्थित विट्ठल मंदिर पर सुबह 11 बजे पूजा आरती के साथ समाप्त की जाएगी

इस यात्रा में रथ पर विराजमान विट्ठल और रुक्मिणी के साथ सजी हुई पालकी, ढोल पथक, अनेक शिक्षण संस्थानों के लेज़िम पथक और योग पथक आदि झाँकियों की विशेष व्यवस्था की गई है | हजारों भक्तों की भजन मंडली और स्थानीय शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी एवं विट्ठल भक्त सहभागी बनेंगे | ज्ञातव्य हो कि यह दिंडी यात्रा श्री ओ.आर. चितलांगे के मार्गदर्शन में वर्ष २०१६ से आयोजित की जा रही इस ज्ञान दिंडी में सभी विट्ठल भक्त सहर्ष आमंत्रित हैं |

# मारपीट से घबराए रिक्शा चालक ने की आत्महत्या

- कार चालक पर घर में बंद कर मारपीट करने का आरोप

**कल्याण.** डोंबिवली पश्चिम के मोठागांव रोड पर जाते समय एक बुजुर्ग ऑटोरिक्शा चालक मुंजाजी शेलके (उम्र 68) द्वारा एक चार पहिया वाहन को टक्कर लगी और कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान रिक्शा चालक और कार मालिक के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद कार चालक ने रिक्शा चालक की पिटाई की और उसे रिक्शा समेत अपने घर ले गया। हालांकि पुलिस ने मारपीट के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

इसके बाद कार चालक ने कहा कि कार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है और वह सुबह पैसे देकर रिक्शा ले जाए और करीब 3 बजे उन्हें छोड़कर चला गया। अपनी आटो रिक्शा और कार को हुए नुकसान की भरपाई के लिए जरूरी लाखों रुपए कहां से लाएं, इस दुविधा में रिक्शा चालक मुंजाजी शेलके रात करीब 3-3.30 बजे फुलेनगर स्थित अपने घर पहुंचे। इस बीच, उसके परिवार के सदस्य उसे हर जगह खोज रहे थे। अंत में, जब उनके पिता घर आए, तब बच्चों ने राहत की सांस ली। पिता शेलके ने अपने बेटे और बहू को सारी बात बताई। उसके बाद, परिवार के सदस्यों ने कहा कि आधी रात हो गई है, हम सुबह देखेंगे कि क्या होता है, अब आप आराम करो, और वे सभी सो गए। लेकिन शेलके को इस बात की चिंता थी कि वह अपने रिक्शा और कार का खर्च कैसे उठाएगा। अंत में, सुबह जब परिवार के सदस्य बाहर गए थे, शेलके ने अपने घर की रसोई में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

इस मामले में, विष्णुनगर पुलिस ने आगे की जांच के लिए चार पहिया वाहन के मालिक आकाश को हिरासत में लिया है और पुलिस उस मार्ग से सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी जानकारी के आधार पर आगे की जांच कर रही है, ऐसा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय पवार ने बताया।



### शेलके परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार

शेलके परिवार ने शुरू में अनुमान लगाया है कि मुंजाजी शेलके ने कार चालक के दुर्व्यवहार और उसके रिक्शा को जब्त करने के कारण यह चरम निर्णय लिया। उन्होंने यह भी कहा कि अगर शेलके ने दुर्घटना की थी, तो उन्हें उसके खिलाफ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करनी चाहिए थी और कार को पुलिस स्टेशन में जमा करना चाहिए था। फुले नगर क्षेत्र के निवासी और शेलके परिवार विष्णुनगर पुलिस स्टेशन में एकत्रित हुए और मांग की कि उन्हें उचित न्याय मिले और संबंधित चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# ठाणे को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में टोइंग ऑपरेशन जारी

- ठाणे शहर में हो रहा भारी विरोध

**ठाणे.** ठाणे को छोड़कर मुंब्रा, डोंबिवली, कल्याण, भिवंडी और विट्ठलवाड़ी क्षेत्रों में दोपहिया वाहनों को उठाने के लिए टोइंग वाहनों का उपयोग करना शुरू कर दिया है। पिछले सात-आठ महीनों से टोइंग परिचालन को निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि आरोप था कि यह अवैध रूप से किया जा रहा था। ठाणे शहर में वाहनों को टोईंग करके की जा रही कार्रवाई का भारी विरोध होने के कारण ठाणे यातायात पुलिस ने ठाणे को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में भी वाहनों पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

ठाणे आयुक्तालय क्षेत्र में, यानी ठाणे से बदलापुर और भिवंडी शहर में, ठाणे यातायात पुलिस द्वारा सड़क किनारे अवैध रूप से पार्क किए गए दोपहिया वाहनों के खिलाफ टोइंग वाहनों के माध्यम से कार्रवाई की जाती है। वाहनों को अक्सर टोइंग ठेकेदारों द्वारा अवैध रूप से उठाया जाता है। इससे वाहनों को खींचने वाले कर्मचारियों और चालकों के बीच विवाद पैदा हो जाता है। कई बार तो यह मामला गाली-गलौज और झगड़े तक पहुंच जाता है। इससे संबंधित फुटेज भी विभिन्न सोशल मीडिया पर प्रसारित होते रहे हैं।



ठाणे आयुक्तालय क्षेत्र में वाहनों को खींचने के लिए हर साल अनुबंध किए जाते हैं। आयुक्तालय क्षेत्र में करीब 30 टोइंग वाहन इसी तरह चल रहे थे। इन वाहनों के लिए टोइंग वाहन अनुबंध नवंबर 2024 में समाप्त हो गया। ठाणे स्थित अजय जेया ने पुलिस आयुक्त के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि टोइंग वाहन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया पारदर्शी नहीं थी। शिकायतों के बाद टोइंग वाहनों का परिचालन निलंबित कर दिया गया।

कुछ दिन पहले, ठाणे यातायात पुलिस ने वाहनों को टो करने का काम पुनः शुरू करने का निर्णय लिया। लेकिन अजय जया और ठाणे में कुछ राजनीतिक पार्टी पदाधिकारियों ने इसका विरोध किया। ठाणे यातायात पुलिस कार्यालय के सामने भी विरोध प्रदर्शन किया गया। आखिरकार, ठाणे पुलिस ने ठाणे, मुंब्रा, दिवा, डोंबिवली, कल्याण, भिवंडी और विठ्ठलवाड़ी के अलावा अन्य क्षेत्रों में टोइंग शुरू कर दी है। इसलिए अब इस क्षेत्र में सड़क किनारे अवैध रूप से पार्क किए गए दोपहिया वाहनों के खिलाफ टोइंग वैन के माध्यम से कार्रवाई की जाएगी।

मुंब्रा, डोंबिवली, कल्याण, भिवंडी, विठ्ठलवाड़ी इलाकों में टोइंग वैन के जरिए कार्रवाई की जा रही है. नियमों के अनुसार, ये टोइंग वैन सीसीटीवी कैमरों से सुसज्जित हैं।

**-पंकज शिरसाट, उपायुक्त,**
ठाणे परिवहन शाखा.

# अंबरनाथ राकांपा (अ.प.) शहराध्यक्ष पद पर डी मोहन की नियुक्ति

## सांसद आनंद परांजपे के नेतृत्व में हुआ पक्ष प्रवेश

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के मोहन दासी उर्फ डी मोहन को अंबरनाथ राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित पवार) का शहराध्यक्ष नियुक्त किया गया है. पक्ष के मुख्य प्रवक्ता आनंद परांजपे के नेतृत्व में मोहन दासी ने पक्ष कार्यालय में जाकर पक्ष प्रवेश किया. राकांपा (अप) के प्रदेशाध्यक्ष सांसद सुनिल तटकरे की प्रमुख उपस्थिति में पक्ष प्रवेश हुआ.

राकांपा जिलाध्यक्ष ठाणे ग्रामीण भरत गोंधले के हाथों डी मोहन को शहराध्यक्ष पद का नियुक्ति पत्र दिया गया. तटकरे ने नए प्रवेश किए हुए सहकारियों का स्वागत किया. उस समय पक्ष के महासचिव शिवाजीराव गर्जे, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद हिंदूराव व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे. डी मोहन की राकांपा अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद उनके समर्थकों ने पटाखे फोड़कर एवं मिठाई बांटकर खुशियां मनाई और उनको बधाई दी है. इस अवसर पर डी मोहन ने अजित पवार गट राकांपा के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि वह शहर में पक्ष की मजबूती के लिए काम करेंगे. अंबरनाथ नपा के अक्टूबर-नवंबर में चुनाव होने जा रहे हैं. इसलिए राकांपा शहराध्यक्ष पद पर डी मोहन की नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है.



उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — संपादकीय

## अब दो बार बोर्ड परीक्षा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं कक्षा की परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित करने का फैसला विद्यार्थियों के लिए राहत भरा है। सीबीएसई ने शैक्षणिक सत्र 2026 से इस व्यवस्था को लागू करने के लिए मानदंडों को अंतिम मंजूरी दे दी है। यह बदलाव इसलिए भी अहम है, क्योंकि इससे न केवल विद्यार्थियों को अपने अंकों में सुधार करने का एक और मौका मिलेगा, बल्कि पढ़ाई को लेकर उनका तनाव भी कम होगा। परीक्षा का पहला चरण फरवरी और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा।

हालांकि, पहले चरण की परीक्षा में शामिल होना विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगा, लेकिन दूसरा मौका मिलने से उन पर बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव निश्चित रूप से कम होगा। सीबीएसई का परीक्षा व्यवस्था में यह बदलाव नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सिफारिशों के अनुरूप है, जिसमें बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को तनावमुक्त माहौल प्रदान करने को तवज्जो दी गई है। विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिहाज से सीबीएसई के इस फैसले को एक महत्त्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

दरअसल, दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को परीक्षा का एक और मौका पहले भी मिलता था, लेकिन वह केवल पूरक परीक्षा के लिए होता था। नई व्यवस्था के तहत दूसरे चरण की परीक्षा में विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने और अच्छे अंक हासिल करने का मौका मिल सकेगा। जाहिर है कि इससे विद्यार्थियों पर पढ़ाई को लेकर दबाव कम होगा।

विद्यार्थी अपनी तैयारी को लेकर यह भी तय कर सकेंगे कि पहले और दूसरे चरण की परीक्षा में किन-किन विषयों पर ध्यान केंद्रित करना है। मसलन, पहली परीक्षा में गणित, अंग्रेजी और विज्ञान पर और दूसरी परीक्षा में अन्य विषयों पर विशेष ध्यान देना है। नई व्यवस्था में भले ही परीक्षा के दो चरण होंगे, लेकिन विद्यार्थियों का आंतरिक मूल्यांकन वर्ष में सिर्फ एक बार किया जाएगा। यह बदलाव भी परीक्षा प्रक्रिया को सरल और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# ट्रंप से अब और सावधान हो जाए भारत

कुछ दिनों के भीषण युद्ध के बाद इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष विराम हो गया। कहना मुश्किल है कि यह संघर्ष विराम कितने समय तक टिकेगा? ईरान पर हमला बोलते समय इजरायल ने यह कहा था कि उसका उद्देश्य ईरानी परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करना है। उसे कुछ आरंभिक सफलता भी हासिल हुई। उसके अचानक हमले में ईरान के कई शीर्ष सैन्य कमांडर और परमाणु विज्ञानी मारे गए। शुरुआती सफलता के बीच इजरायल ने कहना शुरू कर दिया कि हमले के पीछे उसके उद्देश्य बड़े हैं और एक उद्देश्य ईरान में सत्ता परिवर्तन का भी है।

ईरान की सत्ता उन कट्टर मजहबी नेताओं के कब्जे में है, जो हमास-हिजबुल्ला का साथ देते हैं। इजरायल के समर्थन में अमेरिका के कई ताकतवर नवरूढ़िवादी सांसदों की आवाज भी उठने लगी। शुरुआत में अमेरिका इस लड़ाई में कूदने से हिचक रहा था, पर ईरान की जवाबी कार्रवाई से घिरे इजरायल की मदद के लिए आखिरकार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी वायु सेना को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के आदेश देने ही पड़े। इसके बावजूद ईरानी परमाणु कार्यक्रम के पूरी तरह ध्वस्त होने को लेकर संदेह है।

वैसे भी ईरान की मिसाइल क्षमता आशा से कहीं अधिक निकली। युद्ध लंबा खिंचने पर इजराइल में कहीं अधिक बर्बादी हो सकती थी। इसी कारण ट्रंप ने आनन-फानन युद्ध विराम का एलान भी कर दिया और वह भी अपने व्यापक लक्ष्यों की पूर्ति के बिना, क्योंकि न तो ईरान का परमाणु



कार्यक्रम पूरी तरह नष्ट हो पाया और न ही वहां सत्ता परिवर्तन के कोई आसार दिख रहे। हालांकि इसका यह अर्थ नहीं कि इजरायल और ट्रंप के मागा (मेक अमेरिकी ग्रेट अगेन) खेमे ने यह योजना सदा के लिए छोड़ दी है। सही मौका देखकर इसे फिर से क्रियान्वित करने का प्रयास होगा।

वैसे तो अमेरिका को 'फिर से महान बनाने के अभियान' में लगा ट्रंप प्रशासन ईरान में सत्ता परिवर्तन के लिए किसी जमीनी युद्ध में नहीं उलझना चाहता, परंतु उसके इरादों को देखते हुए भारत को सतर्क होना होगा। भारत को सामरिक दृष्टिकोण से भी इस युद्ध के निहितार्थ समझने की आवश्यकता है। इजरायल-ईरान युद्ध के दौरान व्हाइट हाउस में ट्रंप की ओर पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर की आवभगत का एक गहरा अर्थ है। जब मुनीर व्हाइट हाउस में थे, लगभग उसी समय अमेरिकी मदद से सत्तासीन बांग्लादेश की भारत विरोधी मोहम्मद यूनुस सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी वाशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों से मिल रहे थे।

दरअसल ट्रंप की मागा योजना के अंतर्गत अमेरिका का नए सिरे से जो उद्योगीकरण प्रस्तावित है, वह बिना चीन और रूस के पर कतरे और भारत को तंग किए बिना संभव नहीं है। इस योजना को सिरे चढ़ाना उतना आसान नहीं है, क्योंकि भूमंडलीकरण के नाम पर अमेरिका ने ही अधिक मुनाफा कमाने के फेर में अपनी कंपनियों को चीन, वियतनाम जैसे देशों में स्थापित कराया। अब जब तक इन देशों में अमेरिकी कंपनियों के लिए उत्पादन के मोर्चे पर चुनौतियां नहीं दिखतीं, तब तक उनकी स्वदेश वापसी मुश्किल है। फिर भी अपनी योजना को लेकर अमेरिकी नवरूढ़िवादियों और ट्रंप के कथित युद्धविरोधी मागा खेमे में एक राय है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दो तरीके चुने गए हैं। पहला तरीका है ट्रेड और टैरिफ नीति के जरिये रूस, चीन के साथ-साथ भारत का भी आर्थिक संकट बढ़ाना। दूसरा तरीका है कट्टरपंथी इस्लामिक शक्तियों का अपने हित में इस्तेमाल करना। ट्रंप के चीनी वस्तुओं पर लगाए गए भारी टैरिफ के चलते चीन का अमेरिका को निर्यात काफी घटा है। यदि यह सिलसिला लंबे समय तक चला और चीन ने अपने निर्यात के लिए नए बाजार नहीं तलाशे तो वहां बड़ा औद्योगिक और सामाजिक संकट खड़ा हो सकता है।

भारत चीन के विरुद्ध एक तरह से अमेरिका का सामरिक साझेदार है, लेकिन ट्रंप मात्र इतने से संतुष्ट नहीं। उन्हें भारत के रूप में एक लोकतांत्रिक मित्र राष्ट्र नहीं, बल्कि उनके हिसाब से चलने वाला देश चाहिए। भारत के अमेरिका के बताए रास्ते पर चलने से साफ इन्कार करने के बाद अब यह अमेरिका के एजेंडे में नहीं दिखता कि उसकी मदद से भारत चीन जैसी आर्थिक शक्ति बनकर खड़ा हो। यह अच्छा हुआ कि भारत ने साफ कर दिया कि उसे अमेरिका से व्यापार समझौते की जल्दी नहीं।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

ध्यानाभ्यास सीखने से हम ऐसे द्वार में प्रवेश कर जाते हैं जो हमें अंतर में आनंद, प्रकाश, और प्रेम से भरपूर मंडलों में ले जाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# अंतरिक्ष में भारत की वापसी

अंतरिक्ष अब कुतूहल का विषय नहीं, बल्कि कारोबारी संभावनाओं के अनंत आकाश में तब्दील हो चुका है। इसीलिए दुनिया के तमाम उन्नत देश अंतरिक्ष में अपनी पहचान अंकित करने की होड़ में नजर आते हैं। भारत भी पिछले कुछ वर्षों से अपने तकनीकी विकास, अनुसंधान क्षमता और प्रणाली के बल पर अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस जैसे अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी देशों की कतार में शामिल हो गया है। उपग्रह प्रक्षेपण के कारोबार में तो वह दुनिया के कई देशों को चुनौती देने लगा है। अब भारत अपनी महत्त्वाकांक्षी गगनयान योजना पर काम कर रहा है। उस दिशा में एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है।

अमेरिकी अंतरिक्ष अनुसंधान एजंसी नासा ने एक्सिओम मिशन-4 के तहत जिन चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजा है, उनमें भारतीय वायुसेना के कप्तान शुभांशु शुक्ल भी शामिल हैं। शुभांशु को खासतौर पर गगनयान मिशन की दृष्टि से ही तैयार किया गया था। वे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच कर सात प्रयोग करेंगे। यह भारत के लिए इसलिए भी बड़ी उपलब्धि है कि लंबे समय बाद उसका तैयार किया हुआ कोई अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में गया है। राकेश शर्मा के बाद शुभांशु को दूसरे भारतीय अंतरिक्ष



यात्री का गौरव प्राप्त हुआ है।

अंतरिक्ष में मानव को भेजना इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि उन्नत अंतरिक्ष यानों, ताकतवर कैमरों, रोबोटिक यंत्रों आदि के विकास के बावजूद अंतरिक्ष के विस्तार को पूरी तरह खंगाल पाना संभव नहीं है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित किया गया, ताकि वहां रह कर अंतरिक्ष यात्री विभिन्न क्षेत्रों का अध्ययन कर सकें। मगर उस स्टेशन तक मानव को भेजना और वापस लाना अब भी बड़ी चुनौती है। सुनीता विलियम्स के वहां लंबे समय तक फंस जाने की घटना से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

जिन यात्रियों को वहां भेजा जाता है, उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से विशेष प्रशिक्षण की जरूरत होती है, क्योंकि अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के लिए जिस तरह शरीर को ढालने की जरूरत होती है, वह कम ही लोग कर पाते हैं। फिर, उस स्टेशन तक यात्रियों को भेजने के लिए भरोसेमंद यान अभी तक अमेरिका ही विकसित कर पाया है। शुभांशु के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने से भारत को अपने अंतरिक्ष यात्री तैयार करने का रास्ता खुलेगा और गगनयान मिशन के लिए काम करने में काफी मदद मिलेगी।

अंतरिक्ष के बहुत सारे रहस्य अभी खुलने बाकी हैं। उसका अध्ययन केवल इसलिए महत्त्वपूर्ण नहीं है कि उसमें जीवन की संभावनाओं की तलाश हो सकेगी। विभिन्न ग्रहों पर खनिजों और नए तत्त्वों की खोज से विज्ञान व मानवता के लिए नए रास्ते भी खुल सकेंगे। भविष्य में धरती के कई खनिज बढ़ती जरूरतों के आगे अपर्याप्त पड़ सकते हैं। इसलिए दूसरे ग्रहों पर उनकी तलाश अभी से करनी पड़ेगी। फिर, अब तो अंतरिक्ष पर्यटन पर जोर बढ़ रहा है। इस दिशा में कई सरकारी व निजी प्रयास हो रहे हैं।

गगनयान मिशन को भी इसी दृष्टि से विकसित किया जा रहा है कि अंतरिक्ष पर्यटन की संभावनाओं को भुनाया जा सके। ऐसे में शुभांशु जैसे अंतरिक्ष यात्रियों की जरूरत बढ़ेगी। दुनिया के देशों की उन्नति इस बात से भी आंकी जाने लगी है कि अंतरिक्ष में किसकी कितनी पहुंच है और अपने दम पर वह अंतरिक्ष में कितनी जगह बना पाया है। भारत निस्संदेह अंतरिक्ष अनुसंधान की बड़ी ताकतों में शुमार हो चुका है। अपना अंतरिक्ष यात्री भेज कर उसने इस दिशा में एक और कदम बढ़ा दिया है।

# 9 घंटे में काटे 731 भेड़ों के बाल, बनाया अनोखा रिकॉर्ड

आपने टीवी पर या सामने से लोगों को भेड़ों के ऊन काटते देखा होगा. पर क्या आप जानते हैं कि अब ये कंप्टीशन बन चुका है. इंग्लैंड के रहने

**जरा हट के**

वाले एक शख्स ने भेड़ों के ऊन को काटने का ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जिसे पछाड़ पाना काफी मुश्किल है. 2016 में इस शख्स ने 9 घंटे में 731 भेड़ों के ऊन काटकर विश्व रिकॉर्ड बनाया. आइए आपको इसके बारे में ज्यादा जानकारी देते हैं.

कॉर्नवाल (इंग्लैंड) के रहने वाले



मैट स्मिथ को लोग एक आम किसान समझ सकते हैं, लेकिन वह केवल खेतों तक सीमित नहीं हैं. वे एक विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले शीप शीयरर (ऊन काटने वाले) हैं, जिन्होंने इस परंपरागत काम को एक एथलेटिक कला के रूप में स्थापित किया है. 39 वर्षीय मैट का मानना है कि ऊन काटने का काम करना किसी पेशेवर एथलीट से कम नहीं. 'लोगों को अंदाजा ही नहीं है कि यह कितना demanding काम है. ताकत, स्टेमिना, तकनीक और मानसिक तैयारी- ये सब चाहिए एक अच्छे शीयरर बनने के लिए,' वे बताते हैं.

### 14 साल की उम्र में पहली भेड़ की ऊन काटा

न्यूज़ीलैंड में जन्मे मैट ने 14 साल की उम्र में अपने पिता को देखकर इस पेशे की शुरुआत की. पहली भेड़ का ऊन काटते समय उन्होंने अपनी उंगली बुरी तरह काट ली, लेकिन डर के मारे कुछ नहीं कहा. 'मेरे पिताजी ने सिर्फ इतना कहा, 'उम्मीद है कि तुमने भेड़ को नहीं, खुद को काटा हो',' मैट मुस्कराते हुए याद करते हैं. 2016 में मैट ने उत्तरी गोलार्द्ध में 9 घंटे में 731 भेड़ों के ऊन काटकर विश्व रिकॉर्ड बनाया. इससे पहले रिकॉर्ड 721 भेड़ों का था. यह एक असंभव-सा काम माना जाता था. इस उपलब्धि के लिए उन्होंने खास तरह की ट्रेनिंग ली, जैसे वजन उठाना, स्लेज खींचना, और हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट्स. 'पहले हमें लगता था दर्द ही मेहनत की निशानी है, लेकिन फिर समझ आया कि तैयारी और वैज्ञानिक प्रशिक्षण ज्यादा ज़रूरी है,' मैट कहते हैं.




# दम आलू

**सामग्री :**

- छोटे आलू: 500 ग्राम (नए आलू हों तो और भी अच्छा)
- प्याज: 2
- टमाटर: 3
- अदरक-लहसुन का पेस्ट: 1 चम्मच
- दही: ½ कप (फेंटा हुआ)
- हरी मिर्च: 2
- काजू: 10-12
- गरम मसाला: 1 चम्मच
- धनिया पाउडर: 1 चम्मच
- हल्दी पाउडर: ½ चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर: 1 चम्मच
- जीरा: 1 चम्मच
- तेज पत्ता: 1
- दालचीनी: 1 छोटा टुकड़ा
- हरी इलायची: 2-3
- कसूरी मेथी: 1 चम्मच
- हरा धनिया: बारीक कटा हुआ
- नमक: स्वादानुसार
- तेल

**विधि :**



सबसे पहले छोटे आलुओं को धोकर अच्छी तरह उबाल लें. उबालने के बाद उन्हें छील लें। अब एक कांटे या टूथपिक से आलुओं में हल्के छेद कर दें। इससे मसाला अंदर तक जाएगा और स्वाद दोगुना हो जाएगा। एक कड़ाही में तेल गरम करें और आलुओं को सुनहरा भूरा होने तक तल लें। तलने के बाद उन्हें निकाल लें। उसी कड़ाही में थोड़ा तेल रहने दें। इसमें जीरा, तेज पत्ता, दालचीनी और हरी इलायची डालें। जब जीरा चटकने लगे तो बारीक कटा प्याज डालें और सुनहरा होने तक भूनें। अब अदरक-लहसुन का पेस्ट और हरी मिर्च डालें, एक मिनट तक भूनें। फिर टमाटर की प्यूरी डालें और तेल छोड़ने तक पकाएं। इसके बाद हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। धीमी आंच पर 2-3 मिनट तक भूनें। मसाला भून जाने के बाद, आंच धीमी कर दें और फेंटा हुआ दही धीरे-धीरे डालते हुए लगातार चलाते रहें ताकि दही फटे नहीं। दही मिलाने के बाद काजू का पेस्ट डालें इसे 2-3 मिनट और पकाएं। अब तले हुए आलू मसाले में डालें और हल्के हाथों से मिलाएं ताकि आलू टूटे नहीं। इसमें लगभग 1 कप गरम पानी डालें। कसूरी मेथी को हाथ से मसलकर डालें और गरम मसाला भी मिला दें। कड़ाही को ढक दें और धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक पकने दें, ताकि आलू मसालों का स्वाद अच्छी तरह सोख लें। बीच-बीच में एक बार चला सकते हैं।

# होटल के कमरों में क्यों नहीं होती दीवार घड़ी?

### इसे पीछा है बहुत बड़ा माइंड गेम

अक्सर जब हम होटल के कमरों में ठहरते हैं, तो एक चीज गायब नजर आती है और वह है दीवार घड़ी। आमतौर पर घरों, दफ्तरों और लगभग हर पब्लिक प्लेस पर घड़ियां लगी होती हैं, ताकि लोगों को समय देखने में सुविधा हो। लेकिन अपने मेहमानों को हर सुविधा मुहैया करवाने वाले होटल के कमरों में घड़ियां क्यों नहीं होती हैं? इसके पीछे कई कारण हैं, जिनमें साइकोलॉजी, सुविधा और बिजनेस से जुड़ी रणनीतियां भी शामिल हैं। आइए समझते हैं कि होटल के कमरों में दीवार घड़ी क्यों नहीं लगी होती है।

### गेस्ट्स को समय का तनाव न देना

होटल्स का मकसद गेस्ट्स को आराम और सुकून देना होता है। लेकिन बार-बार समय की ओर ध्यान जाने से मेहमानों को स्ट्रेस महसूस हो सकता है, खासकर अगर उन्हें किसी मीटिंग, फ्लाइट या अपॉइंटमेंट के लिए जल्दबाजी करनी पड़े। बिना घड़ी के कमरे में रहने से वे ज्यादा रिलैक्स महसूस करते हैं और अपनी मर्जी से समय बिता पाते हैं।

### बिजनेस को फायदा

जब गेस्ट समय नहीं देख पाते, तो वे ज्यादा समय तक होटल की सर्विसेज का इस्तेमाल करते हैं। जाहिर है कि इस कारण वे खर्च भी ज्यादा करते हैं। इसके कारण होटल को बिजनेस में फायदा मिलता है।

### घड़ी की टिक-टिक से परेशानी

कुछ लोगों को घड़ी की



आवाज (Tick-Tock) बहुत डिस्टर्बिंग लगती है, खासकर रात में सोते समय। शांत माहौल बनाए रखने के लिए होटल्स घड़ियां नहीं लगाते, ताकि गेस्ट्स बिना किसी परेशानी के आराम कर सकें।

### होटल्स की लग्जरी और मिनिमलिस्ट डिजाइन

मॉडर्न होटल्स का इंटीरियर मिनिमलिस्ट और स्टाइलिश होता है। दीवार घड़ियां कई बार डेकोर के अनुकूल नहीं होतीं, इसलिए होटल मैनेजमेंट इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले या अलार्म क्लॉक का इस्तेमाल करते हैं, जो फर्नीचर का हिस्सा होते हैं।

### मेन्टेनेंस और एक्यूरेसी की चुनौती

होटल कमरों में घड़ी लगाने से उन्हें मेंटेन करने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। बैटरी बदलना, समय सेट करना और टूट-फूट की मरम्मत करना होटल स्टाफ के लिए एक एक्स्ट्रा काम होगा। इसके अलावा, अगर घड़ी गलत समय दिखाएगी, तो गेस्ट्स को परेशानी हो सकती है।

### अलग-अलग टाइम जोन के गेस्ट्स

अंतरराष्ट्रीय होटल्स में दुनिया भर से गेस्ट्स आते हैं, जो अलग-अलग टाइम जोन से होते हैं। होटल मैनेजमेंट नहीं चाहता कि कोई घड़ी उनके होम कंट्री के समय के अनुसार न होने पर गेस्ट्स को कन्फ्यूजन हो।

### डिजिटल युग में मोबाइल और स्मार्ट डिवाइसेज का इस्तेमाल

एक दूसरा कारण है कि आजकल ज्यादातर लोग अपने फोन, लैपटॉप या स्मार्टवॉच पर समय देखते हैं। इसलिए भी होटल्स में घड़ी की जरूरत नहीं समझी जाती।

## आज का राशिफल

**मेष :** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी।

**वृषभ :** शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन :** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें।

**कर्क :** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान हो सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह :** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी। उत्साह बना रहेगा।

**कन्या :** आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में सहकर्मियों का साथ रहेगा।

**तुला :** प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक :** राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**धनु :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। विवाद से बचें। लाभ होगा।

**मकर :** राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**कुंभ :** आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**मीन :** पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# अगर मधुमक्खी काट ले तो...

सामान्य रूप से मधुमक्खी काटे तो पीड़ा, सूजन से कष्ट बढ़ जाता है. कहीं चेहरे पर काट ले तो नक्शा ही बिगड़ जाता है. अगर आपको कभी मधुमक्खी काट लें, तो इसका इलाज घर पर भी कर सकते हैं. आइए जानें मधुमक्खी के डंक मारने पर किस तरह के घरेलू उपाय काम आ सकते हैं?

इस पर चर्चा करते हुए शासकीय कॉलेज लवकुश नगर के जूलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सुनील कुमार चौरसिया ने बताया कि मधुमक्खियां कॉलोनी (मौनवंश) बनाकर रहती हैं. कॉलोनी में तीन प्रकार के सदस्य होते हैं: रानी मधुमक्खी (मादा), ड्रोन मधुमक्खी (नर) और श्रमिक मधुमक्खी.

प्रोफेसर चौरसिया ने कहा कि जब अम्ल और क्षार की क्रिया होती है, तो इसे न्यूट्रलाइजेशन यानी उदासीनीकरण कहा जाता है. मधुमक्खी के डंक में फार्मिक एसिड होता है और चूना बेस (क्षार) होता है. जब इन दोनों के बीच प्रतिक्रिया होती है, तो यह न्यूट्रल हो जाता है, जिससे दर्द में राहत मिलती है. इसी वजह से चूना लगाने से मधुमक्खी के डंक से आराम मिलता है.

प्रोफेसर सुनील कुमार चौरसिया ने आगे बताया कि शहद का छत्ता केवल श्रमिक मधुमक्खी ही बनाती है. ड्रोन और रानी मधुमक्खी का मुख्य



काम मधुमक्खियों की संख्या बढ़ाना होता है. इन दोनों का शहद छत्ता बनाने में कोई योगदान नहीं होता.

वहीं, प्रोफेसर ने कहा कि मधुमक्खियों को उनके साइज के अनुसार पहचाना जा सकता है. सबसे बड़ा साइज रानी मधुमक्खी का होता है, फिर ड्रोन मधुमक्खी का और सबसे छोटा साइज श्रमिक मधुमक्खी का होता है. एक छत्ते में केवल एक रानी मधुमक्खी होती है.

प्रोफेसर चौरसिया ने बताया कि ड्रोन या नर मधुमक्खी में जहर नहीं होता. इनका काम रानी मधुमक्खी के साथ संभोग करके मधुमक्खियों की संख्या बढ़ाना होता है. वहीं, रानी मधुमक्खी अंडे देने के साथ ही काटने का काम भी करती हैं, क्योंकि इसमें जहर होता है.

प्रोफेसर ने कहा कि श्रमिक मधुमक्खी में भी फार्मिक एसिड नामक जहर होता है. शहद तोड़ने वाले लोग यह जानते हैं कि किस मधुमक्खी में जहर होता है और किसमें नहीं, इसलिए वे आसानी से शहद तोड़ लेते हैं. उनका कहना है कि मधुमक्खियां कभी भी जानबूझकर किसी को नहीं काटतीं. ये सिर्फ अपने बचाव के लिए काटती हैं, जब उन्हें खतरा महसूस होता है.

# पेट, लिवर, पाचन, स्किन पर जादुई असर करता है नीम

आयुर्वेद के अनुसार, नीम एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटी-वायरल गुणों से भरपूर है जो शरीर को संक्रमण से बचाने में मदद करता है. अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट 3-4 कोमल नीम की पत्तियां चबाकर खाते हैं तो यह शरीर को पेट में हर तरह के हानिकारक कीड़े-मकौड़ों को मार देता है. इतना ही नहीं, अगर आपको गैस,



कॉन्स्टिपेशन और ब्लोटिंग जैसी समस्या है तो आप नीम की पत्तियों का सेवन कर सकते हैं. इसको खाने से पेट से जुड़ी कई तरह की समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती है. एक्सपर्ट के मुताबिक नीम के पत्तों में पाया जाने वाला रस ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है. नीम के पत्तों में फ्लावोनोइड्स, ग्लायकोसाइड्स, टेरपेनोंइड्स और एंटीऑक्सीडेंट जैसे तत्व मौजूद रहते हैं. ये शरीर से फ्री रेडिकल्स निकालते हैं जिससे टिशू का ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस कम हो जाता है. नीम के पत्ते शरीर की कोशिकाओं को इंसुलिन के प्रति संवेदनशील बनाते हैं, जिससे ब्लड शुगर का स्तर संतुलित रहता है. यानी डायबिटीज के मरीज इसे रोज चबाए तो उनका ब्लड शुगर हमेशा कंट्रोल में रहेगा.

### बॉडी के टॉक्सिन को बाहर निकालती है

नीम की पत्तियां स्किन और खून के डिटॉक्सिफायर का काम करती है. इससे शरीर में मौजूद सारे टॉक्सिन्स बाहर निकल जाते हैं. इस कारण स्किन भी हेल्दी हो जाती है. वहीं जिनको पिंपल है वह डेली रूटीन में नीम की पत्ती को शामिल कर सकते हैं. नीम खाने से मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है जिसकी वजह से वजन कम करने में मदद मिल सकती है. सुबह खाली पेट नीम की पत्तियां चबाने से लिवर को हेल्दी रखने में मदद मिल सकती है. नीम लिवर को डिटॉक्स करने में मददगार है. सुबह खाली पेट नीम की पत्तियां चबाने से दांतों की कैविटी से राहत मिल सकती है, ये मुंह की स्वच्छता में भी मददगार हैं. नीम की पत्तियां चबाने से मुंह की दुर्गंध दूर होती है, मसूड़ों की सूजन कम होती है और दांत मजबूत होते हैं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### रसूखदारों के कारण पति का सुसाइड, पुलिस की लचर कार्रवाई से खफा पत्नी ने भी जान दी

**लखनऊ.** लखनऊ में लक्ष्मण मेला मैदान के पास बुधवार को महिला ने गोमतीनदी में कूद कर जान दे दी। दो अप्रैल को महिला के पति ने फांसी लगा कर खुदकुशी की थी। उस पर रसूखदारों ने चोरी का इल्जाम लगाया था। पति को आत्महत्या के लिए विवश करने वाले के खिलाफ महिला ने किसी तरह से मुकदमा दर्ज कराया। पर, पुलिस की जांच आगे नहीं बढ़ सकी। सिकंदर नगर नई बस्ती निवासी कविता निषाद (30) के पति महेश निषाद हजरतगंज में एक प्रभावशाली व्यक्ति के घर काम करते थे। सालों से साथ जुड़े होने के बाद भी रसूखदार परिवार ने महेश पर रुपये चोरी करने का आरोप मढ़ा था। जिससे आजिज होकर महेश ने दो अप्रैल को फांसी लगा कर खुदकुशी की थी। पति को आत्महत्या के लिए विवश करने वाले रसूखदारों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कविता कई दिनों से परेशान थी। बुधवार दोपहर वह बेटे माधव और बेटी शुभी से लक्ष्मण मेला चौकी जाने की बात कह कर घर से निकली थी। इसके कुछ देर बाद ही गोमतीनदी में कूद कर कविता ने खुदकुशी कर ली।

### भाई को पीटने की वजह पूछने गए युवक की हत्या, चाकू से ताबड़तोड़ कई वार किए

**कुशीनगर.** यूपी के कुशीनगर में भाई को पीटने व छिनैती का उलाहना देने पहुंचे युवक को मनबढ़ ने चाकू घोंप कर मार डाला। आरोप है कि परिवार के लोगों ने आरोपी की मदद की। इसके बाद गुस्सायी भीड़ ने आरोपी का घर घेर लिया मगर पुलिस ठीक समय से मौके पर पहुंच गयी और हिंसा नहीं होने दी। आरोपी के पूरे परिवार को पुलिस ने सुरक्षित थाने पहुंचा दिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया जा रहा है। सेवरही थाना क्षेत्र के राजपुर खास, बेनिया टोला निवासी उमाशंकर पुत्र हीरालाल निषाद बुधवार की रात बाजार कर लौट रहा था तभी गांव के ही नरवा टोला निवासी प्रिंस पुत्र मुन्ना निषाद, नत्थू पुत्र गोसाई निषाद व मुन्ना पुत्र नत्थू निषाद समेत छह सात लोगों ने उसे रास्ते में घेर लिया। बुरी तरह से पीटा और बाइक तथा मोबाइल छीनने लगे। उमाशंकर ने पिटाई के बाद भी बाइक व मोबाइल बचा ली और किसी तरह बचकर घर भाग गया। गुरुवार को सुबह उमाशंकर का बड़ा भाई जागू निषाद (40) टोले के पांच छह लोगों को लेकर भाई को पीटने की वजह पूछने प्रिंस के घर पहुंचा था।

### बिहार से दिल्ली जा रही बस रेलिंग तोड़कर गिरी, 2 लोगों की मौत, 50 से अधिक घायल

**इटावा.** यूपी के इटावा में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के चैनल नंबर 103 मुहाटी के पास शुक्रवार सुबह स्लीपर बस हादसा की शिकार हो गई। बेकाबू स्लीपर बस डिवाइडर को तोड़ते हुए नीचे जा गिरी। हादसे में एक नेपाली महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि 50 से अधिक यात्री घायल हो गए। ये बस मधुबनी से सवारी लेकर दिल्ली जा रही थी। घटना की जानकारी पर यूपीडा और पुलिस ने पहुंच करके घायलों को बाहर निकाला। मरने वालों में एक महिला सईदा खातून (नेपाल) और मनोज कुमार 55 दरभंगा (बिहार) है। इटावा के डीएम एसएसपी समेत अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को आनन-फानन में सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डीएम व एसएसपी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

# रुद्रप्रयाग में नदी में ट्रैवलर गिरी 3 की मौत, 8 घायल, 9 लापता

- **ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर; 40 किमी तक रेस्क्यू**



**रुद्रप्रयाग.** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी में ट्रैवलर गिर गई। हादसा घोलतीर में बद्रीनाथ हाईवे पर हुआ। ट्रैवलर में 20 लोग सवार थे, इनमें से 3 की मौत हो गई है, जबकि 8 घायल हैं। वहीं, 9 लोग अभी भी लापता हैं। ट्रैवलर में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के यात्री बैठे थे। ट्रैवलर सवार 20 लोगों के नाम, पता जारी किए गए हैं। तीन मृतकों में से 2 की पहचान MP के राजगढ़ निवासी विशाल सोनी (42) और गुजरात में आईमाता चौक सूरत निवासी ड्रिमी (17) के रूप में हुई है।

ड्राइवर सुमित ने बताया- वह यात्रियों को केदारनाथ से दर्शन कराकर बद्रीनाथ धाम ले जा रहे थे। इस बीच रुद्रप्रयाग में घोलतीर के पास एक ट्रक ने पीछे से ट्रैवलर को टक्कर मार दी। इससे मिनी ट्रैवलर अलकनंदा में जा गिरी। सुमित हरिद्वार के रहने वाले हैं। इन्हें भी गंभीर चोट आई है। इनका इलाज रुद्रप्रयाग अस्पताल में किया जा रहा है।

#### 40 किमी तक रेस्क्यू चल रहा

SDRF के जवान श्रीनगर, गढ़वाल में बांध के पास तलाशी अभियान चला रहे हैं, जो रुद्रप्रयाग बस दुर्घटना स्थल से 40 किलोमीटर दूर है। ताकि, उन बस यात्रियों की तलाश की जा सके जो तेज बहाव के कारण नदी में बह गए होंगे।उत्तराखंड आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा- हम 8 लोगों को बचाने में सफल रहे हैं। अभी तक 3 लोगों की मौत की सूचना है। बाकी लोगों की तलाश जारी है।

#### राजस्थान का ग्रुप चार धाम यात्रा पर आया था

ट्रक की टक्कर से कुछ लोग ट्रैवलर से छिटक कर पहाड़ी पर लटक गए, जिनको निकाला गया। अन्य लोगों की खोज भी की जा रही है। मौके पर एसडीआरएफ और NDRF समेत स्थानीय पुलिस मौजूद है। राजस्थान का एक ग्रुप चार धाम यात्रा पर आया था जो बद्रीनाथ दर्शन के लिए जा रहे थे, ये सभी यात्री राजस्थान के ही रहने वाले बताए जा रहे हैं।

#### CM धामी पल-पल की अपडेट ले रहे

हादसे में CM पुष्कर सिंह धाम ने दुख जताया है। उन्होंने X पर लिखा- रुद्रप्रयाग में एक टेंपो ट्रैवलर के नदी में गिरने की खबर दुखद है। SDRF सहित अन्य बचाव दलों द्वारा युद्ध स्तर पर राहत और बचाव काम किया जा रहा है। इस संबंध में निरंतर स्थानीय प्रशासन से संपर्क में हूं। ईश्वर से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूं।

# राकेश शर्मा के बाद भारत का दूसरा बेटा अंतरिक्ष में

## शुभांशु शुक्ला का यान पहुंचा ISS



भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है। 40 साल बाद किसी भारतीय ने अंतरिक्ष में कदम रखा है। गुरुवार शाम भारतीय वायु सेना के पायलट शुभांशु शुक्ला के स्पेसक्रॉफ्ट ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर सफलतापूर्वक कदम रखा। इस तरह शुभांशु आईएसएस में कदम रखने वाले पहले भारतीय बन गए है। इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा सोवियत संघ के सल्युत-7 स्पेस स्टेशन पर आठ दिन रहे थे।

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु के अलावा पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्रियों ने भी 40 वर्षों से भी अधिक समय बाद आईएसएस में प्रवेश किया है। यह यात्रा अमेरिका की प्राइवेट अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स द्वारा संचालित एक चार्टर्ड मिशन के तहत हुई है।

यह मिशन Axiom-4 का हिस्सा है, जो ह्यूस्टन स्थित Axiom Space द्वारा आयोजित किया गया है। इस अभियान में 14 दिनों तक ISS पर वैज्ञानिक प्रयोग किए जाएंगे।

39 वर्षीय शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा सोवियत संघ के सल्युत-7 स्पेस स्टेशन पर आठ दिन रहे थे।

#### शुभांशु ने अंतरिक्ष से भेजा संदेश

**आईएसएस पहुंचने से पहले शुभांशु ने अंतरिक्ष से एक संदेश भेजा। उन्होंने माइक्रोग्रैविटी में खुद को ढालने को ₹एक शिशु की तरह फिर से जीना सीखने₹ जैसा बताया और अंतरिक्ष में तैरने के अनुभव को 'अद्भुत' करार दिया।**

# SCO में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से नहीं मिले राजनाथ

- **साझा दस्तावेज में पहलगाम हमले का जिक्र नहीं**
- **भारत ने साइन करने से इनकार किया**

**बीजींग.** चीन के किंगदाओ में हुई शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने जॉइंट स्टेट पर साइन करने से इनकार कर दिया है। गुरुवार को हुई इस बैठक भारत की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिस्सा लिया था।

जॉइंट स्टेटमेंट में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया था, जबकि बलूचिस्तान में हुई घटना इसमें शामिल थी। भारत ने इससे नाराजगी जाहिर करते हुए स्टेटमेंट पर साइन नहीं किए।

बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पहलगाम आतंकी हमले का पैटर्न भारत में लश्कर-ए-तैयबा के पिछले आतंकी हमलों जैसा था। सीमा पार से होने वाले आतंकी हमलों को रोकने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए भारत ने 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया।

कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति मानते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। फिर इसे इनकार करते हैं। ऐसे डबल स्टैंडर्ड के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें समझना होगा कि अब आतंकवाद के एपिसेंटर सेफ नहीं हैं।



#### राजनाथ ने कहा, SCO को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए

इस बैठक में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी मौजूद थे। दूसरी तरफ राजनाथ सिंह ने बैठक में पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ से भी मुलाकात नहीं की है। राजनाथ ने आगे कहा, मेरा मानना है कि सबसे बड़ी चुनौतियां शांति, सुरक्षा और विश्वास की कमी से संबंधित हैं। इन समस्याओं की असल वजह कट्टरपंथ, उग्रवाद और आतंकवाद में बढ़ोत्तरी है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है और हमें अपनी सामूहिक सुरक्षा और संरक्षा के लिए इन बुराइयों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट होना चाहिए। राजनाथ ने कहा भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति आज हमारे एक्शन में भी नजर आती है। इसमें आतंकवाद के खिलाफ स्वयं की रक्षा करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखाया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे।

### पुतिन आर्मी ने लिथियम भंडार वाले यूक्रेनी शहर पर किया कब्जा

रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में स्थित शेवचेंको गांव पर कब्जा कर लिया है। यह इलाका यूक्रेन के लिथियम भंडार के पास स्थित है और रणनीतिक रूप से बेहद अहम माना जाता है। तीन साल की जंग में रूस की यह बढ़त बड़ी कामयाबी बताई जा रही है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि शेवचेंको और नोवोसेरहीवका नामक दो बस्तियों पर कब्जा कर लिया गया है। हालांकि, यूक्रेन सरकार की ओर से इस दावे पर अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# CJI बोले- संसद नहीं, संविधान सबसे ऊपर

- **लोकतंत्र के तीनों हिस्से इसके अधीन**
- **संसद के पास संशोधन की शक्ति, लेकिन मूल ढांचा नहीं बदल सकती**



**अमरावती.** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि भारत का संविधान सबसे ऊपर है। हमारे लोकतंत्र के तीनों अंग (न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका) संविधान के अधीन काम करते हैं। CJI गवई ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि संसद सर्वोच्च है, लेकिन मेरी राय में संविधान सर्वोपरि है।

सुप्रीम कोर्ट के 52वें CJI के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस गवई होमटाउन अमरावती में अपने अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। CJI गवई ने कहा कि संसद के पास संशोधन करने की शक्ति है, लेकिन वह संविधान के मूल ढांचे को बदल नहीं सकती।

#### लोग क्या कहेंगे, हमारे फैसलों पर इसका असर नहीं होना चाहिए- गवई

CJI गवई ने कहा कि एक जज को हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा एक कर्तव्य है और हम नागरिकों के अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों के संरक्षक हैं। हमारे पास केवल शक्ति नहीं है, बल्कि हम पर एक कर्तव्य भी डाला गया है। किसी जज को इस बात को लेकर नहीं चलना चाहिए कि लोग उनके फैसलों के बारे में क्या कहेंगे या क्या महसूस करेंगे। चीफ जस्टिस बोले- हमें स्वतंत्र रूप से सोचना होगा। लोग क्या कहेंगे, यह हमारी फैसले लेने की प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन सकता।

#### बुलडोजर जस्टिस के खिलाफ दिए फैसले का जिक्र

सीजेआई ने कहा, मैंने हमेशा अपने निर्णयों और काम को बोलने दिया और हमेशा संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के साथ खड़ा रहा। बुलडोजर न्याय के खिलाफ अपने फैसले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आश्रय का अधिकार सर्वोच्च है।

# अबूझमाड़ में 2 वर्दीधारी महिला नक्सली मार गिराए

**नारायणपुर.** छत्तीसगढ़ में नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में जवानों ने दो वर्दीधारी महिला नक्सली को मार गिराया है। दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। साथ ही 315 बोर राइफल और अन्य हथियार भी बरामद हुए हैं। मामला कोहकामेटा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि कोहकामेटा इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी है। इसी सूचना के आधार पर नारायणपुर से DRG और कोंडागांव से STF के जवानों को नक्सल ऑपरेशन पर निकाला गया था। बुधवार की रात जब जवान नक्सलियों के ठिकाने पर पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। वहीं सुबह जब जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया तो 2 नक्सलियों के शव बरामद हुए। आज सुबह भी गोलीबारी हुई है। फिलहाल इलाके में सर्चिंग जारी है। कांकेर जिले में 20 जून को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से पहले जवानों ने मुठभेड़ में 8 लाख की इनामी महिला नक्सली ढेर किया था। जवानों ने मौके से महिला नक्सली का शव और राइफल समेत कई हथियार बरामद किया है।

# तेलंगाना में महिला ने रेलवे ट्रैक पर कार चलाई



- **कई पुलिस और रेल कर्मचारियों ने मिलकर रोका**
- **15 ट्रेनें रोकीं या डायवर्ट की गईं**

**रंगा रेड्डी.** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में एक 34 साल की महिला ने अपनी कार को रेलवे ट्रैक पर दौड़ा दिया। इसके चलते वहां मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। 10-15 ट्रेनें रोकी या डायवर्ट करनी पड़ीं।

शंकरपल्ली के पास हुई इस घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। 13 सेकेंड के वीडियो में दिख रहा है कि महिला किआ सोनेट (Kia Sonet) कार को रेलवे ट्रैक पर चला रही है। दूसरे वीडियो में स्थानीय लोग, रेलवे कर्मचारी और पुलिस मिलकर महिला को कार से बाहर निकालने की कोशिश करते दिखते हैं। भीड़ उसे कार से बाहर निकालने के बाद उसके हाथ बांध देती है। घटना को लेकर जांच जारी है कि महिला ने ऐसा क्यों किया और उसकी मानसिक स्थिति कैसी थी।

#### 20 लोगों ने मिलकर महिला को कार से बाहर निकाला

सूत्रों के अनुसार, 'कई रेलवे कर्मचारी और पुलिसकर्मी उस कार के पीछे दौड़े। बड़ी मुश्किल से वे उसे कार रोकने में कामयाब हो पाए। महिला को कार से बाहर निकालने के लिए करीब 20 लोगों की मदद लेनी पड़ी। वह बिल्कुल भी सहयोग नहीं कर रही थी।'

रेलवे पुलिस की सुपरिटेंडेंट चंदना दीप्ति ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि वह महिला हाल ही तक एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम कर रही थी। वह उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। वह काफी आक्रामक व्यवहार कर रही थी। लग रहा था कि वह मानसिक रूप से अस्थिर है।

सुपरिटेंडेंट चंदना दीप्ति ने आगे कहा कि हमने महिला की कार से उसका ड्राइविंग लाइसेंस और पैन कार्ड बरामद किया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं यह महिला आत्महत्या की योजना तो नहीं बना रही थी और इस पूरी घटना को हत्या जैसा दिखाने की कोशिश तो नहीं थी।

# पंजाब से छुड़ाया गया 15 सालों से बंधक उत्तराखंड का युवक

**तरनतारन.** पंजाब के तरनतारन जिले के एक गांव की गौशाला में 15 वर्षों से बंधुआ मजदूर की तरह काम कर रहे उत्तराखंड के एक युवक को पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के आदेश पर मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई भाजपा सांसद अनिल बलूनी के हस्तक्षेप के बाद की गई। बलूनी ने बुधवार को बताया कि युवक को पंजाब के तरनतारन जिले के डिनेवाल गांव की एक गौशाला में पिछले 15 वर्षों से बंधुआ मजदूर की तरह रखा गया था, जहां उसे जबरन काम करने के लिए मजबूर किया गया। गढ़वाल से सांसद और भाजपा प्रवक्ता अनिल बलूनी ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बाद पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से संपर्क किया था।

इस वीडियो में एक युवक को कठिन हालात में मवेशियों की देखभाल करते हुए देखा गया था। बलूनी ने कहा, 'पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के त्वरित हस्तक्षेप और त्वरित कार्रवाई के कारण उत्तराखंड के चमोली जिले के नारायणबगड़ क्षेत्र के एक युवक को 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद बंधुआ मजदूरी से मुक्त कराया गया।'

# गुजरात के विधायक उमेश मकवाना ने दो दिन में छीन ली AAP की खुशी

आम आदमी पार्टी को दो दिन पहले ही गुजरात की एकमात्र सीट विसावदर पर बंपर जीत मिली थी। यूं तो 2022 के चुनाव में भी आप ने वो सीट अपने नाम की थी,लेकिन उस समय के जीते हुए उम्मीदवार ने पार्टी को दगा देकर बीजेपी ज्वाइन कर ली थी। अब जब फिर इस सीट पर पार्टी को जीत मिली तो उनके एक और विधायक ने पार्टी छोड़ दी है। आम आदमी पार्टी के इस विधायक का नाम है उमेश मकवाना और ये बोटाद विधानसभा सीट से विधायक थे।



उमेश मकवाना ने पार्टी आलाकमान को कारण बताते हुए अपना इस्तीफा सौंपा है। ऐसे में लोगों ने इनके बारे में खोजना या कहिए फिर से पता करना शुरू कर दिया। आइए बताते हैं कि उपचुनाव की जीत को फीका करने वाले ये AAP विधायक हैं कौन?

उमेश मकवाना ने आम आदमी पार्टी छोड़ने के बाद मीडिया से डिटेल में बात की। बकौल मकवाना,'मैंने बीजेपी में 20 साल तक अलग-अलग पदों पर काम किया था। उस समय,जब गुजरात में आम आदमी पार्टी को कोई जानता भी नहीं था। मैंने सत्ताधारी बीजेपी छोड़कर AAP जॉइन की थी।' मकवाना ने आगे कहा,'आज मुझे AAP में लगता है कि हम डॉ.बी.आर.अंबेडकर के सिद्धांतों से भटक रहे हैं। यही वजह है कि मैंने आम आदमी पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। मैं अभी भी एक पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर काम करता रहूंगा।'

उमेश मकवाना की आप छोड़कर दोबारा भारतीय जनता पार्टी में जाने की भी अटकलें तेज हैं। उन्होंने हालांकि ऐसा कुछ नहीं बताया है कि वो भाजडपा में जाएंगे या कोई और पार्टी में शामिल होंगे। उन्होंने बस इतना बताया कि मैं बोटाद के लोगों के बीच जाऊंगा। मैं कुछ लोगों से मिलूंगा और इस बारे में बात करूंगा कि क्या एक अलग पार्टी बनानी चाहिए या नहीं।

# सूर्यकुमार यादव की जर्मनी में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई

- **फोटो पोस्ट कर दी जानकारी**
- **लिखा- सर्जरी के बाद रिकवरी कर रहा हूं**



भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का जर्मनी के म्यूनिख में पेट की दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया का सफल ऑपरेशन हुआ। 34 साल के सूर्या ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, 'लाइफ अपडेट, पेट के निचले दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल ऑपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं।'

#### अगस्त में बांग्लादेश का दौरा करेगी टीम इंडिया

भारतीय टीम को अगस्त महीने में बांग्लादेश का दौरा करना है। टीम को वहां 17 अगस्त से 3 वनडे और 3 टी-20 मैच की सीरीज खेलनी है। टी-20 सीरीज 26 अगस्त से शुरू होगी। फिलहाल, भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर गई है।

सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग के 2025 सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए 700 से अधिक रन बनाए। फिर वे मुंबई प्रीमियर लीग टी-20 टूर्नामेंट में हिस्सा लिया।

#### सूर्या ने 2021 में इंटरनेशनल डेब्यू किया

सूर्यकुमार यादव ने मार्च 2021 में भारत के लिए टी-20 इंटरनेशनल करियर की शुरुआत की। पहले ही मैच में उन्होंने छक्के से शुरुआत की। उनका वनडे डेब्यू भी 2021 में हुआ। फरवरी 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका टेस्ट डेब्यू हुआ, हालांकि यह उनका एकमात्र टेस्ट मैच है। उन्होंने अब तक 83 टी-20 मैचों में 2598 रन बनाए हैं। वहीं, 37 वनडे में उनके नाम 773 रन हैं।

# IIT बॉम्बे में बड़ी सुरक्षा चूक

- **चुपके से घुसा बिलाल अहमद**
- **20 दिनों तक अटेंड करता रहा लेक्चर**




**मुंबई.** मुंबई के पवई स्थित प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) बॉम्बे में एक गंभीर सुरक्षा चूक का मामला सामने आया है। 22 वर्षीय बिलाल अहमद तेली नामक युवक को पुलिस ने अवैध रूप से कैंपस में प्रवेश करने और 20 दिनों तक वहां रहने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस दौरान बिलाल क्लास में जाकर लेक्चर भी अटेंड करता था। पुलिस के अनुसार, बिलाल ने अपनी पहचान छिपाने के लिए 21 ईमेल आईडी और कई फोन नंबरों का इस्तेमाल किया, जिससे उसका डिजिटल रिकॉर्ड पूरी तरह साफ रहा। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच मुंबई क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है।

पुलिस ने बताया कि बिलाल ने खुद को कैंपस के अंदर छात्र के रूप में पेश किया। वह दिन में क्लास अटेंड करता था और रात में ग्राउंड फ्लोर पर लगे सोफों पर सोता था। आईआईटी प्रशासन ने 21 जून को पवई पुलिस में शिकायत दी थी, जिसके बाद बिलाल के खिलाफ अतिक्रमण, धोखाधड़ी और जालसाजी जैसी धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी। पहले पुलिस ने पूछताछ कर नोटिस देकर उसे जाने दिया था, लेकिन अब उसे दो हफ्तों की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है और केस को मुंबई क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि बिलाल ने 21 ईमेल आईडी और कई मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया ताकि कोई डिजिटल सबूत न छूटे। पुलिस को उसकी यह 'क्लीन डिजिटल हिस्ट्री' संदिग्ध लगी।

उसने 27 मई को IIT बॉम्बे में एक दिवसीय कोर्स में भाग लेने के बहाने कैंपस में प्रवेश किया। इसके बाद, वह 2 जून से 7 जून तक और फिर 10 जून से कैंपस में अवैध रूप से रह रहा था। एफआईआर के अनुसार, 4 जून को आईआईटी के क्रेडिट डिपार्टमेंट की एक कर्मचारी ने देखा कि एक अनजान युवक उनके ऑफिस में बिना अनुमति घुसा है। जब उससे पहचान पत्र मांगा गया तो वह भाग गया। उसकी तलाश जारी रही। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश शुरू की गई। 17 जून को वही युवक लेक्चर हॉल LH-101 में क्लास अटेंड करते हुए दोबारा देखा गया। 21 जून को एक IIT कर्मचारी ने उसे ऑफिस में देखा और संदेह होने पर सुरक्षा अधिकारियों को सूचित किया, क्योंकि वह कर्मचारी को अपरिचित लगा। इस बार आईआईटी की क्विक रिस्पॉन्स टीम (QRT) ने उसे पकड़ लिया और पवई पुलिस को सौंप दिया।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश- ब्लैक बॉक्स का डेटा रिकवर हुआ




**अहमदाबाद.** अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एअर इंडिया विमान के ब्लैक बॉक्स के डेटा को रिकवर कर लिया गया है। सरकारी बयान में गुरुवार को बताया गया कि डेटा डाउनलोड हो गया है। मेमोरी मॉड्यूल का एक्सेस भी मिल गया है।

अब जांच एजेंसी ब्लैक बॉक्स से रिकवर हुए डेटा का विश्लेषण (एनालिसिस) करेगी। इससे हादसे के कारणों का पता चलेगा। इससे पहले 24 जून को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने बताया था कि ब्लैक बॉक्स को जांच के लिए विदेश नहीं भेजा जा रहा। इसकी जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) कर रहा है।

केंद्र सरकार के अनुसार, क्रैश प्लेन से दो ब्लैक बॉक्स (CVR और DFDR) सेट मिले हैं। इनमें हादसे के समय पायलटों की बातचीत और विमान की तकनीकी जानकारी का रिकॉर्ड मिलेगा। पहला सेट 13 जून को और दूसरा 16 जून को बरामद किया गया।

अहमदाबाद में 12 जून को लंदन जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट AI-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। इसमें सवार 241 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक यात्री की जान बच गई थी। वहीं, इस घटना में कुल 270 लोग मारे गए थे।

## 6 साल के बच्चे पर आवारा कुत्तों का हमला

**डोंबिवली.** मंगलवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे मोठागांव इलाके में एक 6 साल का बच्चा खेलने के लिए अपने घर के बाहर निकला. वहां पहले से मौजूद पांच आवारा कुत्तों में से एक ने उस पर हमला कर दिया. कुत्तों ने उसके हाथ और पैर को जगह-जगह से काटा. एक कुत्ते ने बच्चे की पतलून मुंह में दबाकर उसे घसीटा. बच्चा लगातार मदद के लिए चिल्लाता रहा. उसी समय वहां से एक राहगीर गुजरा जिसने पूरी घटना देखी. वह तुरंत दौड़कर आया और कुत्तों को भगाने के लिए पत्थर फेंके. किसी तरह वह बच्चे को कुत्तों के चंगुल से बचा पाया. तब तक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो चुका था.

# राज्य में बिजली के दर होंगे कम

- **महाराष्ट्र के लोगों के लिए खुशखबरी!**
- **CM फडणवीस ने किया बड़ा ऐलान**

मुंबई. महाराष्ट्र के लोगों के राहत भरी खबर आई है. महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने बिजली की दरों में कटौती करने का फैसला किया है. सीएम फडणवीस ने कहा कि पहले साल में 10 फीसदी की कमी होगी और अगले पांच सालों में चरणबद्ध तरीके से कुल 26 फीसदी तक बिजली दरों में कमी होगी. बुधवार (25 जून) को अपने एक्स पोस्ट में सीएम फडणवीस ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि बिजली की दरों पर अच्छी खबर है.

सीएम फडणवीस ने कहा कि राज्य के इतिहास में ये पहली बार होगा जब बिजली की दरों में कमी करने का फैसला लिया गया है. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग (MERC) की तरफ से MSEDCL के प्रस्ताव को



मंजूरी देने के फैसले से ऐसा करना संभव हो पाया है.

70 फीसदी लोगों का 100 यूनिट से कम खर्च- सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फैसले का लाभ घरेलू, इंडस्ट्रियल और कॉमर्शियल ग्राहक सभी को मिलेगा. उन्होंने कहा कि राज्य के करीब 70 फीसदी उपभोक्ता 100 यूनिट से कम बिजली का इस्तेमाल करते हैं. 10 फीसदी की कटौती से सबसे अधिक लाभ उन्हें मिलेगा.

इसके साथ ही उन्होंने कहा, ₹हमारे किसानों को दिन के समय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 का कार्य तेज गति से चल रहा है. बिजली की खरीद में नवीकरणीय ऊर्जा पर बढ़ते फोकस के चलते, भविष्य में बिजली खरीद लागत में होने वाली बचत से किफायती दरों को जारी रखने में मदद मिलेगी. यह जनहित में लिया गया फैसला राज्य के लोगों के साथ शेयर करते हुए बहुत ही संतोष की अनुभूति हो रही है.

### पहली बार बिजली की दरों में कटौती की सिफारिश



सीएम ने कहा कि अब तक हर साल बिजली की दरों में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की सिफारिश की जाती थी लेकिन इस बार इसमें 10 फीसदी की कटौती की सिफारिश की गई है. अगले पांच सालों में बिजली की खरीद पर 66 हजार करोड़ रुपये की बचत होगी. साल 2030 तक राज्य की बिजली क्षमता 81 हजार मेगावाट हो जाएगी. इसमें से 31 हजार मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी के स्रोतों के मिलेंगे.

## UAE के नाम पर पाकिस्तानी कंटेनर भेजे गए भारत

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पोर्ट पर राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है. एजेंसी ने दुबई और UAE के रास्ते से भारत आए 39 पाकिस्तानी कंटेनरों को जब्त किया है. इनकी कीमत करीब 9 करोड़ रुपए बताई जा रही है. इस कार्रवाई ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है. सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान ने इन कंटेनरों को सीधे भारत न भेजते हुए दुबई और UAE के जरिए रूट किया था. ताकि 'मूल देश' यानी पाकिस्तान की पहचान छुपाई जा सके. लेकिन DRI को जैसे ही पुख़्ता इनपुट मिला, मुंबई पोर्ट पर तत्काल छापेमारी की गई और इन संदिग्ध कंटेनरों को जब्त कर लिया गया.

# जिलाधिकारी कार्यालय में आपातकाल विरोधी सत्याग्रहियों का सम्मान

**ठाणे.** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आपातकाल के दौरान लोकतंत्र के लिए लड़ते हुए जेल गए लोगों का सम्मान करना, उस दौरान इन सभी सत्याग्रहियों द्वारा सहन किए गए अंतहीन कष्ट और संघर्ष के प्रति सम्मानजनक श्रद्धांजलि है। देश के लिए कुछ भी कर गुजरने का वही जोश और इच्छाशक्ति आज हॉल में मौजूद सभी आपातकाल सत्याग्रहियों में दिखाई दे रही है, जो हम सभी के लिए प्रेरणादायी है,यह अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल ने कहा।भारत में 25 जून 1975 से 31 मार्च 1977 तक घोषित आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लोकतंत्र के लिए संघर्ष करते हुए आपातकाल के दौरान मीसा डीआईआर के तहत सामाजिक एवं राजनीतिक कारणों से कारावास वाले व्यक्तियों को जिलाधिकारी कार्यालय के समिति



हॉल में अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल द्वारा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सचिन चौधरी, आपातकाल के दौरान कारावास भोगने वाले आपातकाल विरोधी सत्याग्रही, दिवंगत आपातकाल विरोधी सत्याग्रहियों के उ त्तर ाधिक ार ी, जिल ाधिक ार ी कार्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुरुआत में आपातकाल के दौरान संघर्ष करते हुए शहीद हुए सत्याग्रहियों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही आपातकाल के दौरान कारावास भोगने वाले सत्याग्रहियों को अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल द्वारा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर आपातकाल के दौरान जेल गए व्यक्तियों में अनिल भादे, अनुराधा जुवेकर, रमेश बेदमुथा ने आपातकाल के दौरान अपने अनुभव बताए। कार्यक्रम का संचालन जिला सूचना अधिकारी मनोज सानप ने किया। इस अवसर पर उन्होंने आपातकाल के दौरान की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# राजश्री छत्रपति शाहू महाराज जयंती महोत्सव का आयोजन



- **जिला परिषद में डॉ. गंगाधर परगे ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया**

**ठाणे.** समाज सुधारक, सामाजिक न्याय के संस्थापक व बहुजन समाज के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रवर्तक राजश्री छत्रपति शाहू महाराज की जयंती के अवसर पर समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर परगे ने शाहू महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित थे ।उपस्थित लोगों ने शाहू महाराज द्वारा दिए गए शिक्षा, समानता, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक समता के विचारों की सराहना करते हुए उनके विचारों को व्यवहार में लाने का संकल्प लिया। सभी स्तरों से यह बात कही गई कि राजश्री शाहू महाराज के आदर्श आज भी हर प्रशासन और सेवक के लिए प्रेरणादायी हैं।

### भिवंडी-वाडा रोड सहित खारबाव-चिंचोटी रोड पर श्रमजीवी संगठन द्वारा

# अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन





### चार वर्षों में 75 मौत का जिम्मेदार कौन ?

**भिवंडी.** भिवंडी से वाडा रोड और मानकोली खरबाव चिंचोटी सड़क पर हुए अनगिनत गड्ढों के कारण सड़क पर सफर करना जानलेवा हो गया है. इसके खिलाफ कई पार्टियों समेत विभिन्न संगठनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है. श्रमजीवी संगठन के महासचिव बलराम भोईर, जिला अध्यक्ष अशोक साप्ते और प्रदेश उपाध्यक्ष दत्तात्रय कोलेकर के मार्गदर्शन में श्रमजीवी संगठन ने तालुका में खारबाव रोड पर कावड़ नाका, नंदीठाणे, अंबाडी नाका, मालोडी और चिंचोटी में और वाडा तालुका में कुडुस, शिरीषपाड़ा, खंडेश्वरी नाका वाडा में सड़क नाकाबंदी कर चक्का जाम आंदोलन शुरू किया है.

अंबाडी नाका पर प्रमोद पवार, नांदीठाणे पर आशा भोईर और असगर पटेल तथा कवाड़ पर दशरथ भालके और महेंद्र निरगुड़ा के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों पुरुष और महिला कार्यकर्ताओं ने सड़क पर तिरपाल बिछाकर सड़क को जाम कर दिया और वहीं पर भोजन के लिए चूल्हे जलाकर बैठ गए. विरोध प्रदर्शन को कई सामाजिक संगठनों और स्थानीय रिक्शा चालकों ने भी समर्थन दिया.सड़क पर मजदूर यूनियन के आंदोलन की आशंका के चलते पुलिस ने सुबह से ही इस सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया था.हर नाकों पर पुलिस तैनात कर दी गई. गुरुवार सुबह 10 बजे से इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह बंद कर दिया गया. सुबह स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों एवं कामकाज की खातिर दूरदराज क्षेत्रों में जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी. कई यात्री सड़क पर ही फंसे रहे.

# एसएसटी महाविद्यालय में मुंबई विश्वविद्यालय के ठाणे विभाग क्रीड़ा समिति की वार्षिक सभा सफल

- **लगातार दूसरी बार मेज़बानी का अवसर प्राप्त**





**उल्हासनगर.** मुंबई विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभाग क्रमांक तीन, ठाणे विभाग क्रीड़ा समिति की 2024-25 वर्ष के लिए समारोपीय वार्षिक आमसभा एसएसटी महाविद्यालय, उल्हासनगर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। सभा का आयोजन महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया था।

इस सभा के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी को अध्यक्ष और प्रा. राहुल अकुल को सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। विशेष अतिथियों में मुंबई विश्वविद्यालय के क्रीड़ा संचालक डॉ. मनोज रेड्डी और विश्वविद्यालय मंडल के सदस्य डॉ. चंद्रकांत म्हात्रे की उपस्थिति रही। ठाणे विभाग के विभिन्न 40 महाविद्यालयों के क्रीड़ा संचालक इस सभा में उपस्थित थे।

सभा में डॉ. मनोज रेड्डी ने ठाणे विभाग के 2024-25 वर्ष के कार्य की सराहना करते हुए एसएसटी महाविद्यालय की कार्यप्रणाली की विशेष प्रशंसा की। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में प्रा. गणेश मोरे, प्रा. उमेश सोनवणे, प्रा. रोहिणी डोंबे, डॉ. यज्ञेश्वर बागराव, डॉ. विजय सिंह तथा प्रा. सतीश राजगुरू इन ठाणे विभागीय समिति सदस्यों ने विशेष मेहनत की। उनके प्रभावशाली आयोजन और उत्तम प्रबंधन के कारण ही लगातार दूसरी बार यानी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए फिर से मेज़बानी का अवसर एसएसटी महाविद्यालय, उल्हासनगर को प्रदान किया गया।

सभा के अंत में एसएसटी महाविद्यालय के उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वसम्मति से बधाई प्रस्ताव पारित किया गया।

# अवैध इमारत के 12 गालों पर चला बुलडोजर

▶▶उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में प्रशासक अनमोल सागर द्वारा अनधिकृत इमारत निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश के बाद वार्ड समिति क्रमांक 3 सहायक आयुक्त सुरेंद्र भोईर के नेतृत्व में तोड़ू टीम ने अनधिकृत इमारत के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेसीबी से तोडू करवाई को अंजाम दिया.आयुक्त अनमोल सागर के मार्गदर्शन में अनधिकृत निर्माण विभाग उपायुक्त विक्रम दराडे, बीट निरीक्षक सूरज गायकवाड, वार्ड समिति क्रमांक 3 सहायक आयुक्त सुरेंद्र भोईर के नेतृत्व में कर्मचारी नारायण



पाटिल, इंद्रपाल जाधव, जयेश जाधव और अतिक्रमण दस्ते व कर्मचारियों ने बराला देवी तालाब कामतघर में सर्वे क्रमांक 4/1/ए के क्षेत्र में भगवान मल्लेशम उपुल्ला द्वारा किए गए अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त किया. मनपा प्रशासन ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अनधिकृत निर्माण के खिलाफ संबंधित पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया. अनधिकृत निर्माण को हटाने के लिए भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन पुलिस की मौजूदगी में मनपा टीम ने जेसीबी की मदद से 12 दुकानों के अनधिकृत निर्माण के खिलाफ तोडू कार्रवाई को अंजाम दिया गया है.

## इस्कॉन की जगन्नाथ रथ यात्रा 29 को

**अंबरनाथ.** इस्कॉन की अंबरनाथ यूनिट ने शहर में 29 जून को भव्य स्तर पर जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया है. आयोजको का कहना है कि उक्त रथ यात्रा हजारों श्रद्धालुओं को ऐतिहासिक पुरी रथ यात्रा से प्रेरित भक्ति और परंपरा का आभास कराएगी. रथ यात्रा अंबरनाथ पूर्व स्थित के ग्रीन सिटी क्लब हाउस से शुरू होगी. जहां दोपहर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की पूजा का कार्यक्रम शुरू होगा. इन अनुष्ठानों के बाद एक बजे पाहंडी विजय समारोह आयोजित किया गया है. जिसमें देवी-देवताओं को भक्तों के जयघोष और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन के साथ भव्य रथ पर स्थापित किया जाएगा.

# हार्दिक संग रिश्ते पर ईशा गुप्ता ने तोड़ी चुप्पी

- **कहा- सिर्फ कुछ समय तक बातचीत हुई, हम दोनों एक-दूसरे के लिए नहीं बने थे**

एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ रिश्ते को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि दोनों कुछ समय के लिए एक-दूसरे से बातचीत कर रहे थे, लेकिन वह रिश्ता कभी डेटिंग तक नहीं पहुंचा।



ईशा ने सिद्धार्थ कन्नन को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'हां, कुछ समय तक हमारी बातचीत हुई थी। मैं इसे डेटिंग नहीं कहूंगी, लेकिन हम कुछ महीनों तक बात कर रहे थे। हम उस स्टेज पर थे जहां लगता था शायद कुछ हो जाए, शायद नहीं। ये बातचीत डेटिंग स्टेज तक पहुंचने से पहले ही खत्म हो गई। हम एक या दो बार ही मिले थे।'

जब ईशा से पूछा गया कि क्या उनके बीच कपल बनने की संभावना थी, तो उन्होंने कहा, 'शायद हो सकता था, लेकिन लगता है कि ऐसा होना नहीं था। उस समय हार्दिक पहले से ही टीवी पर कुछ बयान देकर विवादों में थे और तब तक हमारी बातचीत भी बंद हो चुकी थी।'

ईशा ने 'कॉफी विद करण' के उस एपिसोड का भी जिक्र किया जिसमें हार्दिक पांड्या और केएल राहुल साथ आए थे। इस एपिसोड में हार्दिक के बयानों पर विवाद हुआ था। उन्होंने कहा, 'मैं उस समय तक खुद को काफी मजबूत बना चुकी थी। जब एपिसोड आया तो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ा। वैसे भी वे लोग पहले ही बहुत कुछ झेल रहे थे, अगर मैं और कुछ बोलती तो क्या फ ाय द ा होता?'

# छत्रपति शिवाजी महाराज चौक के नवीनीकरण का भूमिपूजन संपन्न

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज चौक के जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन भाजपा विधायक महेश चौघुले के कर कमलों द्वारा किया गया. इस अवसर पर शिवसेना शहर अध्यक्ष सुभाष माने और भाजपा शहर अध्यक्ष रवि सावंत भी उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि, नजराना सर्कल स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर 38 वर्ष पूर्व स्थापित की गई छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारोही प्रतिमा जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी. सरकार द्वारा इस कार्य के लिए 6 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जाने के पश्चात छत्रपति शिवाजी महाराज की नई अश्वारोही प्रतिमा स्थापित करने तथा उसके सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है. उक्त अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शहर के अनेक शिवप्रेमी नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे. अगले छह महीने में इस स्थान पर नई अश्वारोही प्रतिमा स्थापित कर भव्य सौंदर्यीकरण किया जाएगा.

### आम सूचना

मैं श्री मोहन संपतराव माने सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 109 के पास, पाईप लाईन, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 06एओ014591600) उक्त प्रॉपर्टी श्री माणिकराव अप्पासो माने के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 26.6.2025 सी.नं. 2354/2025 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मोहन संपतराव माने**

### आम सूचना

मैं श्री प्रविण भिका सपकाले सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. एलजी-2, बी विंग, ग्राऊंड फ्लोर, साई आशाराम अपार्टमेंट, बैरक नं. 146, ई.नं. 205-5906, शीट नं. 86, सीटीएस नं. 3270, बैरक नं. 151 के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 05एओ018522900) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुरेंद्र रुपकुमार दुधानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 26.6.2025 सी.नं. 2348/2025 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री प्रविण भिका सपकाले**

# पुराने ठाणे शहर में तुरंत पाइपलाइन गैस कनेक्शन दें

- **अन्यथा संबंधित लोगों पर होगी कार्रवाई**
- **सांसद म्हस्के की अधिकारियों को चेतावनी**



**ठाणे.** शहर के नौपाड़ा, राम मारुति रोड, घंटाली, भास्कर कॉलोनी और आसपास के इलाकों में कई आवासीय परिसरों को अभी तक पाइपलाइन के माध्यम से घरेलू गैस कनेक्शन से नहीं जोड़ा गया है। पुराना ठाणे अभी भी घरेलू गैस कनेक्शन से वंचित है। आज सांसद नरेश म्हस्के ने निवासियों और महानगर गैस के साथ एक संयुक्त बैठक की और अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई। सांसद नरेश म्हस्के ने इन निवासियों को तुरंत पाइपलाइन के माध्यम से घरेलू गैस जोड़ने की चेतावनी भी दी ।पुराने ठाणे में घरेलू गैस कनेक्शन की मांग कई वर्षों से लंबित है। इस संबंध में महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) से मांग की गई, आवेदन प्रस्तुत किए गए, बैठकें हुईं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस क्षेत्र के नागरिकों को घरेलू गैस के बजाय सिलेंडर पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों की मांगों को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए शिवसेना के पदाधिकारी किरण नकटी, प्रकाश पायरे, बाला गवस, संजीव कुलकर्णी ने पहल की। उन्होंने महानगर गैस लिमिटेड के अधिकारियों से सीधे चर्चा करने के लिए आज एक विशेष बैठक आयोजित की। यह बैठक सांसद नरेश म्हस्के की अध्यक्षता में आनंद आश्रम में हुई। इस बैठक में महानगर गैस के वरिष्ठ अधिकारी, इंजीनियर और विभिन्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के पदाधिकारी मौजूद थे। नागरिकों ने अपनी शिकायतें बहुत स्पष्ट रूप से व्यक्त कीं। कुछ जगहों पर गैस लाइन नहीं पहुंची है, कुछ जगहों पर कनेक्शन के लिए बड़ी बाधाएं हैं, कुछ सोसायटियों में सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद भी कनेक्शन नहीं हुआ है, ऐसी शिकायतें निवासियों ने कीं। इस बैठक में शिवसेना के किरण नकटी और प्रकाश पायरे ने कई सोसायटियों के बारे में समस्याएं उठाईं और महानगर गैस प्रशासन के सामने आने वाली कठिनाइयों को बताया। महानगर गैस एकमात्र सेवा प्रदाता कंपनी होने के कारण नागरिक किसी अन्य विकल्प पर नहीं जा सकते।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099